तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

11 श्री विधि और जैविक खेती है भविष्य की खेती का मार्ग



12 सावन के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, की पूजा



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25

# महिलाएं पशु सखी के प्रशिक्षण से आर्थिक रूप से बनेगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नई योजनाएं ला रहे है। इसी के तहत अब महिलाओं को पशु सखी बनाकर उनको प्रशिक्षण देकर उनको आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बनाने के लिए केवीके के वैज्ञानिक प्रयासरत है। उक्त बातें विधायक आशाराम नेताम ने प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर कहीं।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रशिक्षण पाने वाली यह महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पशुओं के साथ-साथ मुर्गीपालन, बकरी पालन, सूकर पालन जैसे व्यवसायों को स्वयं भी अपनाने तथा कृषकों को प्रेरित करेंगी। महिलाओं को मजबूत करने के लिए केंद्र के साथ-साथ प्रदेश की सरकार प्रयासरत है। हमारा फोकस है कि महिलाओं के आगे आने से पूरा परिवार सशक्त होता है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिले के चयनित 30 पशु सखियों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र में 27 जून से 13 जुलाई तक 17 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण पशुधन प्रबंधन विषय पर आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण ए-हेल्प पशु स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन विस्तार के लिए मान्यता प्राप्त एजेंट कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा था। आयोजित प्रशिक्षण के माध्यम से पशुपालन के विभिन्न तकनीकों जिसमें आवास प्रबंधन, आहार प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन एवं टीकाकरण, पशु प्रजनन एवं कृत्रिम गर्भाधान, उन्नतशील नस्लों की जानकारी एवं विभागीय योजनाओं आदि की जानकारी प्रशिक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुर्रे, डॉ. रोशन साहू द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आनंद गुजरात के द्वारा ऑनलाइन किया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण हुए।

## केवीके में पशु सखियों को 17 दिवसीय मिला प्रशिक्षण, ऑनलाइन हुई परीक्षा







### पशु सखियों का किया उत्साहवर्धन

आयोजित कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष हस्त शिल्प विकास निगम छत्तीसगढ़ शालिनी राजपूत ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेती और पशुपालन के संबंधों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदरस्य ईश्वर कावड़े, पशुपालक दीपक खटवानी ने भी पशु सखियों का उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बागोड़ निवासी 15 वर्षीय राजेंद्र कुमार मंडावी ने चनार जाने वाले मार्ग पर महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बागोड़ निवासी 60 वर्षीय कृष्णा मंडावी ने पुलिस को बताया कि 12 से 13 जुलाई के बीच ग्राम बागोड़ से चनार जाने वाले मार्ग पर महुआ पेड़ में मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक की हुई मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** जिला बस्तर के बोधाघाटा थानांतर्गत जगदलपुर शांतिनगर निवासी 30 वर्षीय कमलेश निषाद का इलाज के दौरान जिला अस्पताल कांकेर में 12 जुलाई को रात साढ़े 10 बजे मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पीएम फसल बीमा कराने किसानों को 31 तक है मौका

**कांकेर।** किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए जिले में बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है। उप संचालक कृषि ने जानकारी दी है कि इस योजना में ऋणी और अऋणी दोनों प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। इसके लिए भू-धारक और बटाईदार किसान भी पात्र होंगे। अधिसूचित फसल के लिए जिन किसानों को वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत या नवीनीकृत हुआ है, उन्हें योजना में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने अधिकारों का प्रयोग करते हुए नाला में बहने व डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील सरोना के ग्राम मुड़पार निवासी 59 वर्षीय विमल राम मंडावी की नाला में बहने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी सगोबाई को चार लाख की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## ग्रामीणों ने 16 को मड़पा चौक में चक्काजाम करने का किया ऐलान

# अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग में हर कदम पर गड्ढे ही गड्ढे, सड़क पर चलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़।

- सड़क में जगह जगह हुए गड्ढो को सुधारने की उठी मांग, विभाग मौन
- ग्रामीणों ने कहा कि लौह अयस्क के वाहनों को पूर्ण रूप से किया जाए बंद

अंतागढ़ से नारायणपुर मुख्य पहुंच मार्ग वर्तमान स्थिति में भारी बारिश के कारण जर्जर हो गया है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को ब्लाक मुख्यलाय एवं अन्य स्थान तक आने जाने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। रावघाट माइंस प्रबंधन ऐसे जर्जर रोड पर 50 टन की हाईवा को चला रहे, जिससे रोड की स्थिति कुछ ज्यादा ही खराब हो गई है। क्षेत्र के लोग जर्जर सड़क एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर 16 जुलाई बुधवार को मड़पा चौक में सुबह 7 बजे से चक्काजाम किए जाने का ऐलान किया है।

प्रभावित दो दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि अंतागढ़ से नारायणपुर मुख्य मार्ग में कई स्थानों का डामर पूरी तरह से उखड़ गया है और साईड सोल्डर में जगह-जगह गड्ढा हो गया है। इन गड्ढो के हो जाने के कारण क्षेत्र के ज्यादातर दुपहिया एवं छोटे चार पहिया वाहन को चलाने में आम जनता को हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और कई बार दुर्घटनाएं हो भी चुकी है। मुख्य मार्ग का जर्जर स्थिति होने के बाद भी सैकड़ों लौह अयस्क से भरे हाईवा एवं ट्रक रावघाट एवं आमदाई से भेजा जा रहा है, जबकि माईनिंग परिवहन के रुट चार्ट के अनुसार नारायणपुर से कोड़ागांव होते हुए कांकेर जाते है, उसी मार्ग से वापिस होना चाहिए, परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। मुख्य मार्ग का खराब होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि लौह अयस्क परिवहन करने वाली भारी वाहन के आने जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध नहीं लग पाया है। हमारी माँग है कि जब तक सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो जाता है, तब तक इस मार्ग से भारी वाहनों के आने जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। सिंगल सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि इस पर चलना अब मुश्किल हो गया है। हमारी माँग है कि अभी बारिश रूकी हुई है, इसके लिए सरकार सभी गड्ढो को भरवाएं, अन्यथा हम लोग 16 जुलाई को सुबह 7 बजे से इस मार्ग पर चक्काजाम करेंगे। चक्काजाम करने की बात करते है तो अधिकारी सरकार के मंत्रियों और माइंस प्रबंधन के दबाव में ग्रामीणों को डरा धमकाकर चक्काजाम खत्म करवा देते है, परंतु जर्जर सड़क को लेकर किसी भी तरह की पहल नहीं होती है।



### सड़क पूरी तरह जर्जर, भारी वाहन जिम्मेदार

अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग की सिंगल सड़क उस गुणवत्ता की नहीं बनी थी कि उस पर 35 से 50 टन की लोड भारी वाहन चल सके। इसकी जानकारी सरकार, माईंस प्रबंधन और प्रशासन को होने के बाद भी ऐसे भारी वाहनों को आने जाने के लिए किसी भी तरह का रोक नहीं लगा पाएं है। सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति की बात सुनने के लिए तैयार नहीं है और हम लोग पहले भी परेशान थे और आज भी परेशान ही हो रहे है।

### जिम्मेदारों को नहीं है चिंता

जनप्रतिनिधियों की मानें तो सड़क के चौड़ीकरण की स्वीकृति मिल चुकी है और इसका निर्माण बारिश के बाद ही शुरू होगा, परंतु एक साल तक इस क्षेत्र के लोगों को इसी तरह से परेशान होना पड़ेगा, इसकी चिंता जिम्मेदारों को नहीं सता रही है। ऐसा क्षेत्र के लोगों ने हरिभूमि से बात करते हुए कहीं।

# 10 लाख के जेवर और नकदी बरामद, आरोपी महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर।

- महिला के पास से 6 लाख से ज्यादा के जेवरात और 4 लाख नगद जप्त

गोण्डाहुर पुलिस ने चोरी करने वाले शातिर महिला चोर को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली। लम्बे सयम से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी, लेकिन चोर पुलिस के गिरफ्त से बाहर था। चोरी को अंजाम देने वाली आरोपी महिला पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 41 पुरूषोत्तम नगर निवासी 45 वर्षीय साधना उर्फ सपना मंडल पति स्व. सरजीत मंडल के कब्जे से सोने चांदी के जेवर, नगद और स्कूल समेत 10 लाख 97 हजार 300 रूपएं जप्त किया गया।

एएसपी पखांजुर राकेश कुर्रे, एसडीओपी रवि कुजूर और अन्य पुलिस अधिकारियों ने गोण्डाहूर में पाँच दिन पहले चोरी का खुलासा करते हुए महिला चोर और चोरी हुए सामान का खुलासा किया। एएसपी ने बताया कि गोण्डाहुर थाना में 11 जुलाई को एक चोरी का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें प्रार्थी के घर से नगदी करीबन 1 लाख 40 हजार रूपएं को चोरी हुई थी। इस मामले की पुलिस ने विवेचना शुरू किया और मुखबिर के आधार पर आरोपी पीव्ही 41 पुरूषोत्तम नगर निवासी 45 वर्षीय साधना उर्फ सपना मंडल पति स्व. सरजीत मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसने पिछले एक साल से परलकोट क्षेत्र के कई जगहो पर सोने के जेवरात एवं नगदी रकम का चोरी करना स्वीकार किया। महिला चोर से पुलिस ने कई जगहो पर चोरी कर करीबन 6 लाख के सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम करीबन 4 लाख 47 हजार रूपएं को बरामद किया। पुलिस के हत्थे चढ़ी महिला चोर ने पुलिस को बताया कि भीख मांगने एवं बीमारी में सहयोग करने के बहाने गांव में ▶▶| शेष पेज 10 पर

# किसानों ने परेशान होकर राज्य राजमार्ग पर किया चक्काजाम, डेढ़ घंटे किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर।

खाद नही मिलने से नाराज किसान भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग में केंवटी के पास राज्य राजमार्ग को जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी किया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। इसके बाद तहसीलदार सुरेंद्र ऊर्वशा और एसडीओपी शेर बहादुर सिंह पहुँचे और किसानों से चर्चा किया और आश्वासन के बाद डेढ़ घंटे बाद चक्काजाम खत्म किया।

जानकारी के अनुसार किसान लंबे समय से डीएपी खाद के लिए बड़ी संख्या में केंवटी में खाद लेने के लिए पहुँचे थे। डीएपी खाद महज 3 सौ बोरी पहुँची है, सभी किसान दवाब बनाने लगे, इससे लैंपस प्रबंधक भी परेशान हो गए और कम कम बोरी देने की बात कही इस पर किसान भड़क गए और अचानक सभी किसान राज्य राजमार्ग भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ में पहुँच गए और पौने 11 बजे से सवा 12 बजे तक सड़क पर ही बैठे रहे।



विभाग और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इसमें यात्री बस भी फंस गया जिससे यात्रियों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसान नरेश देव नरेटी, आत्माराम सलाम ने बताया धान बुवाई का समय खत्म हो गया, अब खेतों में खाद डालना जरूरी है, नहीं तो फसल खराब हो जाएगी। लैंपस में डीएपी और सुपरफस्फेट नहीं है। हम दो माह पहले ही खाद लिखवाया है। हमारे ऊपर कर्ज चढ़ गया हैं और हम जब भी धान बेचते है तो ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बुजुर्ग के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर में बुजुर्ग के साथ अन्य व्यक्ति ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। बुजुर्ग ने मारपीट की शिकायत कांकेर थाना में किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे गोविंदपुर निवासी 60 वर्षीय घासु राम मंडावी पिता स्व. दया राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को 4 बजे यादवपारा गोविंदपुर के पास खड़ा था। अर्जुनी कि तरफ से आ रहे रोशन साहू के द्वारा मेरे साथ अकारण गाली दिया गया ओर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए सुअर के औलाद बोलकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का सेमारपीट किया। मारपीट करने से ऑख में चोट आया है एंव शरीर के अन्य हिस्सो में भी दर्द हो रहा है। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रोशन साहू के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सब्जी व्यपारियों के बीच हुई मारपीट, काउंटर केस कराया दर्ज, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर।

नया बाजार डोम में सब्जी व्यपारियों के बीच साप्ताहिक बाजार में हुई मारपीट के उपरांत देर रात दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट की शिकायत किया। पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है। इस मामले को नगर पालिका नहीं सुलझाती है, तो आने वाले समय में डोम में बड़ी घटना घट सकती है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे बरदेभाटा निवासी 50 वर्षीय पून्नू राम साहू पिता गनपत राम साहू ने पुलिस को बताया कि कांकेर बाजार में आलू व प्याज का दुकान लगता हूं और 13 जुलाई को साप्ताहिक बाजार के लिए नया बस स्टैड डोम में अपना दुकान लगाया था। सुबह करीबन 11 बजे चारामा निवासी बबलू सोनकर साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने के लिए आया और हमारे दुकान के बगल में अपना दुकान लगाने के लिए पसरा लगाने लगा, जो पूरी जगह को घेरकर अपना दुकान लगा रहा था, जिसे मेरे द्वारा ज्यादा जगह घेरने से मना करने पर आरोपी बबलू सोनकर गाली देते हुए कहने लगा कि तू कौन होता ह, मना करने वाला बोलकर डंडा से मारपीट करने लगा। मारपीट को देखकर मेरी पत्नि पेमीन बाई बचाव करने के लिए आई तो आरोपी उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया मारपीट से मुझे सिर एंव मेरी पत्नि को बांए गाल में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने ▶▶| शेष पेज 10 पर


जिला मुख्यालय में सब्जी पसरा लगाने पर विवाद और मारपीट

## पुजारी ने दुर्लभ पक्षियों को बचाने की आम जनमानस से की अपील

# महाराष्ट्र का राज्यपक्षी ने शीतला मंदिर में ली शरण, पुजारी ने कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर।

महाराष्ट्र का राज्यपक्षी हरियल घायल अवस्था में शीतला मंदिर के बरगद के पेड़ पर शरण लिया और घायल होने के कारण पेड़ से नीचे गिर गया। मंदिर के पुजारी ने उसका ईलाज करवाते हुए बताया कि ऐसे पक्षी शिकार होने के चलते गायब होते जा रह है, इन पक्षियों को अब बचाने की जरूरत है।

शीतलापारा में स्थित शीतला मंदिर के पुजारी एवं विश्व हिन्दू परिषद के जिला धर्माचार्य प्रमुख पूरन माली ने बताया कि हरियल नामक यह पक्षी दो दिन पूर्व मंदिर प्रांगण मे लगे बरगद के पेड़ में आकर बैठा और कुछ समय पश्चात अचानक वृक्ष से नीचे गिर गया, पास में जाकर देखा तो उसके पंख में खून के निशान दिख रहे थे। शिकारी ने शिकार के उद्देश्य से पक्षी को एयरगन से गोली से मारने का प्रयास किया गया था, किन्तु माँ शीतला के आशीर्वाद से यह मंदिर प्रांगण में पहुँच गया। मंदिर पुजारी ने उसका उपचार कराते हुए भोजन की व्यवस्था किया और विगत दो दिन से सेवा में लगे हुए है। पुजारी ने आमजनता से अपील किया है कि घायल पशु एवं पक्षी के संरक्षण के लिए आगे आएं। शिकार करने वालों की शिकायत करके उनको पुलिस के हवाले करे। ऐसे दुर्लभ पक्षी मिलना मुश्किल होते जा रहा है, इनको बचाने के लिए पहल करने की जरूरत है।





### जमीन पर बैठना नहीं है पसंद

महाराष्ट्र का राज्य पक्षी हरियल है, जिसे अंग्रेजी में येलो फूटेड ग्रीन पीजेन यानी पीले पैर वाला हरा कबूतर ट्रेरॉन फीनिकोप्टेरा) कहा जाता है। यह एक सामाजिक पक्षी है, जो झुंडों में रहता है। हरियल पक्षी को जमीन पर बैठना पसंद नहीं है और वह अपना अधिकांश जीवन पेड़ों पर ही बिताता है। यह धरती पर उतरता भी है, तो अपने पैरों पर लकड़ी का टुकड़ा लेकर उतरता है एवं उसी पर बैठता है। हरियल पक्षी पूर्णता शाकाहारी होता है यह कई प्रकार के फल खाता है तथा अनाज और दाने भी खा लेता है, यह कई प्रकार के फूलों की कलियां छोटे पौधों के अंकुर और बीज खाना पसंद करता है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**फरसगांव।** सावन का महीना शुक्रवार से शुरू हो गया है। ये पूरा महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। आज सावन का पहला सोमवार है। ऐसे में सावन के पहले सोमवार के दिन फरसगांव नगर के थाने के पास स्थित शिव मंदिर, बिजली ऑफिस में स्थित शिव मंदिर, सोनाबेड़ा घूमर में स्थित शिव मंदिर, नेशनल हाईवे बड़े मोड में स्थित जटायु शीला शिव मन्दिर सहित आस पास के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। सोमवार को सुबह से शाम तक भक्तों का मंदिरों में पूजा करने आने का शिलसिला चलता रहा। भक्तों ने शिवलिंग में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किए।

### शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कोण्डागांव।** सावन माह के पहले सोमवार को कोपा बेड़ा स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही, बड़ी संख्या में शिवभक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिर पहुंचने लगे। श्रद्धालु अपने साथ जल, दूध, बेलपत्र और भस्म लेकर आए थे, जिससे उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ शिवलिंग का अभिषेक किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर और उसके आसपास का पूरा वातावरण हर हर महादेव और बम–बम भोले के जयकारों से गूंज उठा जिससे चारों ओर एक भक्तिमय और पावन ऊर्जा का संचार हो रहा था।

# कोंडागांव में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला स्वास्थ्य समिति कोण्डागांव द्वारा कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी के नेतृत्व में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े का शुभारंभ जिला अस्पताल कोण्डागांव में हुआ, जो 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक चलेगा।

इस वर्ष के पखवाड़े का थीम है मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही। इसका उद्देश्य परिवार नियोजन के महत्व और सही समय पर मातृत्व अपनाने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पखवाड़े के पहले दिन, 11 जुलाई को, जिला अस्पताल कोंडागांव में 09 महिलाओं को आईयूसीडी कॉपर–टी लगाए गए और 03 महिला नसबंदी की गई। पखवाड़े को सफल बनाने के लिए विकासखंड और जिला स्तर पर पुरुष एवं महिला नसबंदी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो परिवार नियोजन का एक स्थायी साधन है।

## महिलाओं को परिवार नियोजन के लिए किया गया प्रेरित

### परिवार नियोजन के साधन और प्रोत्साहन

स्थायी साधनों के अतिरिक्त, अस्थायी साधनों में गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम, कॉपर–टी और अंतरा इंजेक्शन इत्यादि का प्रयोग किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरुष एवं महिला नसबंदी कराने वाले हितग्राहियों को 3000 की प्रोत्साहन राशि नसबंदी के पश्चात प्रदान की जाती है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सिविल सर्जन एवं सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेम मंडावी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीता गेड़ाम, डॉ. ममता ठाकुर, डीपीएचएनओ सुश्री कर्मकार और इंचार्ज सिस्टर तुलसी देवांगन सहित आरएमएनसीएचए काउंसलर व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग, कोण्डागांव ने जनसमुदाय से इस पखवाड़े में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### आरोपी के पास से 2 मोबाईल, 1 एप्पल का लैपटाप, 1 आईपैड, 2 एटीएम व 1500 रूपए नगद बरामद

# फरसगांव पुलिस ने करोड़ों की ठगी करने वाले को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना पुलिस ने ऑनलाईन तथा ऑफ लाईन में करोडों के ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया है।

■ आरोपी ने सेना के जवानों समेत आम जनता से की करोड़ों की धोखाधड़ी

जानकारी अनुसार प्रार्थी जगदीश्वर मरकाम पिता आयतु राम मरकाम उम्र 27 वर्ष निवासी सिरसीकलार हल्दीबेड़ा ने 17 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 अगस्त 2023 को आरोपी खिलेन्द्र कश्यप द्वारा ऑनलाईन मार्केटिंग से जुडकर अवैध लाभ कमाने के उददेश्य से प्रार्थी से 4,50,000 रूपये धोखाधड़ी कर ठगी किया है। प्रार्थी के आवेदन पर अपराध क्रमांक 171/2024 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



आरोपी 07 माह से देश विदेश, दुबई, मलेशिया, दिल्ली, नोएडा इत्यादि स्थानों पर छुप कर रह रहा था भाग रहा था । पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार आदेश पर फरसगांव थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में विशेष टीम बनाकर खोजीबन की जा रही थी। लगातार खोजबीन के दौरान पुलिस ने आरोपी खिलेन्द्र कश्यप पिता स्व. करण सिंह कश्यप, उम्र 26 वर्ष निवासी कोरगांव को ग्राम सुलेंगा नारायणपुर से गिरफ्तार किया गया।

### कार्रवाई में इनकी भूमिका रही अहम

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय शिंदे, सउनि. पिताम्बर कठार, रजउराम सुर्यवंशी, आरक्षक बासुराम मरकाम, महिला आरक्षक सरस्वती यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### पूछताछ में आरोपी ने उगला सच

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि विदेशी होटल, कपड़े, के नाम पर आम जनता तथा सेना के जवानों को बड़े-बड़े बंगले पैसे की लालच देकर अपने जाल में फसाते हुए लाखों करोडों का ऑनलाई तथा ऑफ लाईन धोखाधड़ी कर जगदीश्वर मरकाम से कुल 4 लाख 50 हजार रूपये तथा अन्य जनता एवं आर्मी जवानों से करोड़ो रूपये ठगी करना स्वीकार किया है। घटना में उपयोग किया गया आरोपी के कब्जे से 02 नग मोबाईल, 01 नग एप्पल कंपनी का लैपटाप, 01 नग एप्पल आई पैड,, 02 नग एटीएम कार्ड, 1500 रूपये नगदी रकम को पेश करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी खिलेन्द्र कश्यप को गिरफ्तारी करने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर सोमवार को वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

# सड़क हादसों पर कांग्रेस का हल्ला बोल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव शहर में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने चिंता जताई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासनिक लापरवाही को इन दुर्घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार ठहराया। ज्ञापन में बताया गया कि बीते शनिवार को राम मंदिर चौक पर तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की मुख्य वजह अंधेरा और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें मानी गईं। कांग्रेस का आरोप है कि शहर के हाईवे पर भारी वाहनों की अवैध आवाजाही और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी आम बात हो गई है। प्रशासन और ट्रैफिक विभाग की निक्रियता के चलते आम नागरिकों की जान खतरे में है। शहर की सड़कों और मोड़ों पर मवेशियों का कब्जा है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नगरपालिका की लापरवाही के कारण कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### कांग्रेस की मांगें : कार्रवाई और मुआवजा

कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए, ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की जाए। नेताम ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

### ज्ञापन सौंपने पहुंचे कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता

इस दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें बुधराम नेताम, रितेश पटेल, तरुण गोलछा, सकुर खान, नरेन्द्र देवांगन, जीतू दुबे, संजय करन, गुणमती नायक, सनी चोपड़ा, बब्बू दहिया, शंकर मल्लिक, प्रीतम पटेल सहित अन्य शामिल रहे।

# छात्रों को मिला जागरुकता का पाठ, पुलिस ने बताए साइबर और महिला अपराध से बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

कोंडागांव एसपी के निर्देश व एएसपी के मार्गदर्शन व अरुण नेताम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल व थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में 14 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर केशकाल के लगभग 200 छात्र छात्राओं को प्राचार्य जेआर नाग व व्याख्याता शिक्षकों के उपस्थिति में उप निरीक्षक अखिलेश धीवर द्वारा महिला संबंधी अपराध, बाल अपराध एवम लैंगिक अपराध की जानकारी,महिलाओं की सुरक्षा, अपराध की रोकथाम व नशा से मुक्ति, अभिव्यक्ति एप ,साइबर अपराध जैसे अनजान व्यक्ति को ओ टी पी शेयर न करना, अनजान से वॉट्सएप कालिंग न करना, करोड़ पति लाटरी के झांसा में न आना संबंधी जानकारी दी गई और उन्होंने छात्रों को आगाह किया कि अगर कोई ठगी हो जाने पर टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करके सूचना देने, गांव में किसी अनजान व्यक्ति के आने पर थाना में सूचना देना, कही भी गलत काम जुआ सट्टा या शराब बिक्री हो रहा है या कोई शराब पिला रहा है उसकी जानकारी थाना में देना।

■ 200 से अधिक विद्यार्थियों को दी गई सुरक्षा और कानून संबंधी जानकारी

विस्तृत जानकारी दिया गया तथा यातायात संबंधी जानकारी दी गई। जिसमें वाहन में रखे जाने वाले दस्तावेजों आरसी बुक, ड्राइविंग



लाइसेंस, इंश्योरेंस, पोलूशन, परमिट के संबंध में बताया गया। पैदल चलने मोटरसाइकिल में चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण तेज रफ्तार, नशा कर वाहन चालन, ओवरलोड वाहन चालन, माल वाहन में यात्री परिवहन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग एवम यातायात नियमों का पालन न करना एवं मौत के कारणों हेलमेट सीटबेल्ट आदि के बारे में और नौकरी लगाने के झांसे में न आना, साथ ही थाना केशकाल का नंबर विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ को दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दरमियान प्राचार्य जेआर नाग, नारायण यादव, अमित अग्निहोत्री, चेखराज कश्यप, दुर्गेश्वरी पटेल, जागेश्वर वैध व अन्य शिक्षक तथा थाना स्टाप प्रधान आरक्षक ईश्वर नेताम, महिला आरक्षक सोनल यादव उपस्थित रहे।

# विधायक ने कोहकामेटा में नवीन हाईस्कूल भवन व भैंसाबेड़ा कन्या आश्रम का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने रविवार को विधायक में कोहकामेटा में नवीन हाईस्कूल भवन और कन्या आश्रम भैंसाबेड़ा में नवीन अतिरिक्त भवन का फीता काटकर लोकार्पण किए । वहीं कोहकामेटा के नवीन हाई स्कूल भवन के प्रांगण में आयोजित संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यकम में शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने स्कूली विद्यार्थियों को शाला गणवेश, पुस्तक वितरण कर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किए एवं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना भी किए।

■ संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को वितरित किए गए गणवेश और पुस्तकें

विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर एक - एक स्कूली विद्यार्थी पेड़ों की देखभाल करने का जिम्मेदारी दिए। जिसमें विद्यार्थीयो द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक देख रेख करने का बात कही गई। कोहकामेटा में विधायक में अपने संबोधन में कोहकामेटा में मैंन रोड से स्कूल तक पहुंचने केलिए सीसी रोड एवं 1 पुलनिर्माण के लिए घोषणा किए। विधायक नेवभैंसाबेड़ा कन्या



आश्रम के बच्चों से मुलाकात कर चर्चा कर उनके स्वास्थ्य एवं पढ़ाई के बारे जानकारी लिए व आश्रम भवन का अवलोकन भी किए। इस दौरान विधायक टेकाम ने स्कूल प्रांगण में चेकर्स टाईल्स, किचन शेड, बड़डोंगर पत्थरागुढ़ा आश्रम में हैंडपंप के लिए घोषणा भी की।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम, ग्राम कोहकामेटा सरपंच रंगीला भेड़िया, भाजपा जिला महामंत्री आकाश मेहता, फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, बड़ेडोंगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम, फरसगांव मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे, बड़ेडोंगर सरपंच चन्द्रवती पुजारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में देरी पर कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में चल रहे पुल–पुलिया और सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं की जानकारी ली और कार्यों में हो रही देरी पर अपनी नाराजगी व्यक्त की।



उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किए गए, तो संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने जोर देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले इन विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों का पालन अनिवार्य है। बैठक में कई ठेकेदारों की अनुपस्थिति पर भी कलेक्टर ने असंतोष जताया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ऐसे ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

ये रहे उपस्थित : इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण और संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

## हरवेल में फिर बहने लगा पानी सोलर ड्यूल पंप हुआ चालू



**कोण्डागांव।** ग्राम हरवेल के अंतर्गत आने वाले गुडरापारा के ग्रामीणों ने कोंडागांव कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में भाग लेकर एक अहम मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि गांव में स्थापित सोलर ड्यूल पंप संयंत्र विगत दो महीनों से खराब पड़ा है, जिससे पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने क्रेडा विभाग को पंप की मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ग्रामीणों की बुनियादी आवश्यकताओं में कोई कोताही न बरती जाए। कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए क्रेडा विभाग ने तेजी से मरम्मत कार्य पूरा किया। तकनीकी टीम ने खराब सोलर ड्यूल पंप को ठीक कर पुनः चालू कर दिया। जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने समस्या के समाधान पर प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनदर्शन जैसे कार्यक्रम आम जनता की आवाज को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। पंप के चालू होते ही गुडरापारा के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलना शुरू हो गया है। जल जीवन मिशन के तहत यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 23 तक

**कोण्डागांव।** जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआइ में सत्र 2025–26 और 2025–27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिले के कोण्डागांव, फरसगाँव, माकड़ी, मर्दापाल, बडेराजपुर, विश्रामपुरी, केशकाल और धनोरा स्थित आईटीआइ संस्थानों में ऑनलाइन पंजीयन के लिए पुनः आवेदन 16 जुलाई प्रातः 10 बजे से 23 जुलाई 2025 को रात 11:59 बजे तक कर सकते हैं। जिसमें जिले में संचालित विभिन्न व्यवसायों में छमाही व्यवसाय डीसीएम तथा एक वर्षीय कोपा, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, स्टेनो हिन्दी एवं द्वि वर्षीय व्यवसाय फिटर, इलेट्रिशियन में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल लिंक पर या निकटतम च्वाइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से संपर्क किया जा सकता है।

## पेज 9 के शेष

### 10 लाख के जेवर और ..

सुनसान मकान की रेकी करती थी, उसके बाद चोरी की घटना को अंजाम देती थी। महिला चोर थाना गोण्डाहूर, पखांजूर, बांदे, बड़गांव के क्षेत्र में घूम-घूमकर कई जगह चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। महिला चोर को न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

**कार्रवाई करने में ये टीम रही शामिल :** महिला चोर को गिरफ्तार करने एवं चोरी के माल बरामद करने में थाना प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र साहू, सउनि एवेरतुस कैरक्टा, जगमोहन कश्यप, प्रथान आरक्षक बाबूलाल गावड़े, चंदन कुलदीप, सौरभ सलाम, महिला आरक्षक सीमा दुग्गा, मनीषा कुजांम का योगदान रहा।

### किसानों ने परेशान...

लैंपस द्वारा बिना खाद दिए पैसा काट लिया जाता है। खाद नहीं मिलने पर धान का फसल भी ठीक उत्पादन नहीं हो पाता है। और आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। मिन्दी सोनवानी ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। किसानों को जब खाद की बहुत जरूरत है, तभी किसानों को खाद नहीं दिया जा रहा है।

### सब्जी व्यपारियों के बीच...

आरोपी बबलू सोनकर के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से मारपीट की शिकायत करने थाना पहुंचे जबरनपारा चारामा निवासी 22 वर्षीय बबलू सोनकर पिता अफसर सोनकर ने पुलिस को बतया कि सब्जी बेचने का काम करता हूं। कांकेर साप्ताहिक बाजार में प्रति सप्ताह सब्जी बेचने आता हूं और 13 जुलाई को सब्जी बेचने के लिए बाजार आया था। सुबह करीबन 11 बजे कांकेर बाजार स्थल डोम में सब्जी बेचने के लिए अपना पसरा स्थल में सब्जी को फैला रहा था। मेरे बाजू मे आलू प्याज बेचने वाला पुन्नू साहू को बोला कि आने जाने का गली है, थोड़ा आप भी जगह छोड़ना और मै भी जगह छोडुंगा। आरोपी पुन्नू साहू आवेश में आ गया और तू कौन होता है मुझे जगह छोड़ने बोलने वाला, गाली देना शुरू कर दिया। गाली देने से मना करने पर पुन्नू साहू और उसकी पत्नि पेमीन साहू दोनो मेरे ऊपर डंडा से हमला कर दिए। मारपीट करने से मेरे माथा में चोट आया व खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पुन्नू साहू और पेमीन साहू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### श्रद्धांजलि सभा में साहित्यकारों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने साझा किए संस्मरण

# साहित्य की पाठशाला रहे स्व. यशवंत गौतम को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शनिवार, 13 जुलाई को कोण्डागांव के माँ दंतेश्वरी हर्बल स्टेट परिसर के बैठका–हाल में एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल के लोकप्रिय साहित्यकार, उत्कृष्ट शिक्षक और सच्चे मनुष्य स्वर्गीय यशवंत गौतम को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद, कोंडागांव के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्यकारों, पत्रकारों, समाजसेवियों और शिक्षकों ने उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद सभी साहित्यप्रेमियों ने स्व. यशवंत गौतम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन शायर व कवि सैयद तौसीफ आलम ने किया जिन्होंने उन्हें साहित्य की चलती–

■ कविता, स्मृतियों और सराहना के बीच उभरी एक सादगीपूर्ण व्यक्तित्व की प्रेरक छवि



फिरती पाठशाला बताते हुए उनके साथ के काव्य मंचीय अनुभवों को भावुकता के साथ याद किया। हरेंद्र यादव, छ.ग. हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष, ने उन्हें भाषाविद और साहित्य अनुरागी बताया जो जनसंवेदना की बात करते थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व जिला संघटक आर. के. जैन ने उनके अनुशासन, समयबद्धता और सेवा–भाव को रेखांकित किया। वरिष्ठ साहित्यकार शिवलाल शर्मा ने 30–35 वर्ष पुरानी स्मृति साझा करते हुए बताया कि कैसे कोंडागांव में लोकप्रिय शिक्षक चयन में युवाओं ने उन्हें और वरिष्ठ वर्ग ने श्रद्धेय गौतम जी को चुना था।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर सम्पदा स्वयंसेवी संस्थान की सचिव शिप्रा त्रिपाठी, माँ दंतेश्वरी हर्बल समूह के निदेशक अनुराग त्रिपाठी, कवयित्री मधु तिवारी, देशबती कौशिक, वरिष्ठ पत्रकार रंजीत बक्सी व शंकर नाग जगदलपुर तथा वरिष्ठ समाजसेवी यासीन भाई की गरिमामयी उपस्थिति भी विशेष रही।

### भावुक संस्मरण और उपस्थित जन

देशवती कौशिक ने रुंधे गले और नम आँखों से कहा कि यशवंत गौतम ने उन्हें सदैव पिता का प्यार और अपनापन दिया, जिसे वह कभी भुला नहीं सकतीं। साहित्य परिषद के महासचिव जनकवि उमेश मंडावी ने उन्हें कर्मनिष्ठ शिक्षक और भाव–संवेदनशील साहित्यकार बताते हुए उनकी रचनाओं के दस्तावेजी संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### साहित्य में योगदान और प्रेरणा

ककसाड़ पत्रिका के संपादक, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने उन्हें हिंदी व हल्बी भाषा का विलक्षण साहित्यकार बताया। उन्होंने कहा, गौतम जी की कविता 'गांव माने गांव' न केवल ग्रामीण जीवन का जीवंत चित्रण है, बल्कि यह कविता हमारे समय की आत्मा है। उन्होंने जिस सादगी, संघर्ष और संकल्प के साथ साहित्य साधना की, वह आज दुर्लभ है। उनकी साहित्यिक धरोहर को संजोकर नई पीढ़ी तक पहुँचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। वरिष्ठ साहित्यकार व्याख्याता जमील अहमद ने उनकी कविताओं के पुनर्पाठ व पुनर्प्रकाशन की आवश्यकता पर बल दिया और उनके नाम पर पुरस्कार स्थापित करने का सुझाव रखा। साहित्य परिषद के कोषाध्यक्ष व्याख्याता बृजेश तिवारी ने उनके पुत्र विकास गौतम व पुत्रवधू की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए उन्हें आधुनिक युग का श्रवण कुमार बताया, यह कहते हुए कि ऐसे उदाहरण समाज को प्रेरणा देते हैं कि जीवन मूल्यों का दीप अभी बुझा नहीं है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय किसान संघ की हुई बैठक



**बस्तर।** भारतीय किसान संघ जिला बस्तर का मासिक बैठक रखा सोमवार गया है। जिसमें खाद बीज और किसानो को होने वाले समस्याओं पर चर्चा किया गया। जिले में उर्वरक खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन लायसेंस धारी कृषि केन्द्र में ज्यादा कीमत पर विक्रय किया जा रहा है, जिसमें जिला पदाधिकारियों ने चिंता जाहिर किया गया। बैठक में अध्यक्ष नीलकुमार बघेल, मंत्री सतेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष बोरगुराम बघेल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर पांडेय, युवा प्रमुख घासीराम, बस्तर तहसील अध्यक्ष चुन्नू ठाकुर, मंत्री सुलधर मौर्य, बकावंड तहसील अध्यक्ष श्यामसुंदर बघेल, जगदलपुर तहसील अध्यक्ष कमल सिंह, प्रचार प्रसार प्रमुख एकादशी बघेल, सनत कुमार, जल आयाम पुरषोत्तम बघेल उपस्थित रहे।

### विभिन्न स्कूलों का एबीईओ ने किया निरीक्षण



**बस्तर।** सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा अपने सतत निरीक्षण के क्रम में संकुल करन्दोला के प्राथमिक शाला जनपद भानपुरी, अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक व माध्यमिक शाला अवलोकन किया गया। यहां अंग्रेजी माध्यम की प्राथमिक शाला में बच्चों का स्तर सन्तोषप्रद पाया गया वही माध्यमिक में बच्चों की उपस्थिति औसत से कम पाई गई स्थिति सुधार करने निर्देशित किया गया। फिर संकुल बालेंगा के ओगायगुडा के प्राथमिक शाला का अवलोकन किया गया मध्यान्ह भोजन व्यवस्थित पाया गया। वही बच्चों की गुणवत्ता की जांच में स्तर आशा के अनुरूप पाया गया। अगले निरिक्षण में माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला दुबेउमरगांव का भी अवलोकन किया गया बच्चों के शैक्षणिक स्तर की जांच भी की गई। दर्ज के अनुपात में उपस्थिति कम पाए जाने पर स्थिति सुधारने प्रभारी को निर्देशित किया गया। मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार पाया गया।

## निधन

### महिपाल तातेड़

**जगदलपुर।** रमैया वार्ड निवासी महिपाल तातेड़ (49) का सोमवार को निधन हो गया। वे ओसवाल जैन समाज के प्रतिष्ठित सुश्रावक गिरधारीलाल तातेड़ के सुपुत्र एवं सुरेन्द्र, जसराज एवं श्रीपाल तातेड़ के अनुज थे। वे अविवाहित थे। दादाबाड़ी स्थित निवास से शाम 4 बजे अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमे परिजन, समाज के लोग समेत नागरिक शामिल हुए। शाम 5 बजे प्रवीर वार्ड के खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।



# झींगा पालन के लिए 5 गांवों का किया गया चिन्हांकन, बढ़ेगी किसानों की आय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

सुकमा जिला अपनी जैव विविधता और भौगोलिक परिस्थितियों लिए राज्य के साथ-साथ संपूर्ण देश में प्रसिद्ध है। सुकमा जिला अब न केवल परंपरागत खेती तक सीमित है वरन नई समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाते हुए प्रगति की ओर अग्रसर है।

यहां के ग्रामीण अंचल में छोटे बड़े तालाब बहुतायत में उपलब्ध हैं और उनमें किसान मछली पालकर अच्छी आमदनी अर्जित कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा द्वारा किसानों को निरंतर तकनीकी जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी प्रयास को जारी रखते हुए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने विगत दिनों कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा का भ्रमण किया था और संस्था के मछली पालन विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह राठौर और मछली पालन विभाग के डीएल कश्यप को मछली और झींगा पालन के लिए किसानों को विशेष प्रशिक्षण देने और जागरूक करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में सुकमा विकास खंड के पांच ग्राम पंचायतों भेलवापाल, झापरा, गोंगला, मूर्तोंडा एवं गादीरास के सभी आश्रित गांवों के चालीस तालाबों का भ्रमण किया गया एवं झींगा पालन के लिए उपयुक्त तालाबों को चिन्हांकित किया गया।

आगामी दिनों में कृषि विज्ञान केंद्र मे स्थित मछली पालन इकाई के साथ साथ डॉ राठौर की निगरानी में जिले के मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर झींगा मछली पालन किया जायेगा। कलेक्टर के मार्गदर्शन में मछली पालन के क्षेत्र में यह एक अद्वितीय पहल है और इससे सुकमा के किसान झींगा मछली पालन कर अत्यधिक लाभान्वित होंगें।


### झींगा पालन की ओर अग्रसर सुकमा

#### मीठे जल में मिलता है झींगा

झींगा मीठे जल में पाए जाने वाला एक जलीय जीव है और नदियों में यह ब्रीडिंग के समय थोड़ी अधिक लवड़ता वाले जल की ओर प्रवास करता है। यह सर्वाहारी होता है और प्लवक, जलीय सूक्ष्म जीव, छोटे कीटों और मृत जलीय जीवों के अवशेष इत्यादि इनका प्राकृतिक भोजन है।

#### झींगा खाने के फायदे

झींगा प्रोटीन और शरीर के लिए आवश्यक वसा का अच्छा स्त्रोत है। इसे खाने से दिमाग का विकास तेजी से होता है एवं हृदय स्वस्थ रहता है। झींगा खाकर कुपोषण की समस्या से भी निपटा जा सकता है।





### सीईओ ने खेत में उतर कर की रोपाई

# श्री विधि और जैविक खेती है भविष्य की खेती का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास तथा कृषक उत्पादक संगठन भूमगादी के सक्रिय सहयोग से जिले में जैविक खेती को वैज्ञानिक आधार पर प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष मिशन मोड अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को व्यापक रूप से अपनाना है।

- **जैविक दंतेवाड़ा को अग्रिम पंक्ति में लाने की एक ओर सशक्त पहल**

यह पहली बार है जब जिले में बड़े स्तर पर वैज्ञानिक तरीके से श्री विधि एवं कतार रोपा विधि को अपनाकर धान की खेती को नया आयाम देने का संकल्प लिया गया है। अभियान के अंतर्गत 6000 हेक्टेयर क्षेत्र में उन्नत विधियों से खेती का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 1500 हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष रूप से श्री विधि को लागू किया जा रहा है। श्री विधि धान उत्पादन की एक आधुनिक, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-संवेदनशील पद्धति है, जिसके माध्यम से कम संसाधनों के उपयोग से अधिक उत्पादकता प्राप्त की जाती है। इस विधि की प्रमुख विशेषताएं 12 से 15 दिन की आयु के स्वस्थ पौधों का कतार में एकल रोपण, जिससे प्रत्येक पौधे को पर्याप्त स्थान, पोषण और प्रकाश मिल पाता है नियमित निराई-गुड़ाई द्वारा वायु संचार को बढ़ावा, जिससे पौधों की जड़ प्रणाली मजबूत होती है और खरपतवार नियंत्रण होता है। जैविक पोषक तत्वों जैसे जीवामृत, गोमूत्र, वर्मी कम्पोस्ट, हंडी खाद आदि का समुचित उपयोग, जो मिट्टी की उर्वरता एवं पौधों की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। संतुलित सिंचाई प्रणाली, जिसमें खेत में स्थायी जल भराव के स्थान पर आवश्यकतानुसार जल प्रदान किया जाता है, जिससे जल संरक्षण संभव हो पाता है।

#### सीईओ ने किसानों से किया संवाद

इस अभियान की प्रायोगिक शुरूआत के तहत विकासखंड गीदम के ग्राम सियानार के खेतों में जाकर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने स्वयं, कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ श्री विधि से रोपा लगाया। इस दौरान उपसंचालक कृषि सूरज पंसारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अशोक नेताम, एसआर नेताम, भूमगादी के सीईओ आकाश बढ़ावे, आरएईओ सुरेश नाग, जैविक क्लस्टर समन्वयक उदय यादव, क्षेत्रीय कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। श्री विधि लगाने वाले किसान के खेत में रोपा लगाकर सीईओ जयंत नाहटा ने किसानों के साथ संवाद करते हुए उन्हें वैज्ञानिक एवं जैविक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती और श्री विधि जैसे नवाचार आज की आवश्यकता हैं, जो न केवल उत्पादन को बढ़ाते हैं, बल्कि हमारे जल, मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा भी करते हैं। आज का किसान तभी सशक्त बनेगा जब वह ज्ञान, नवाचार और परंपरा के संतुलन के साथ खेती करेगा। मेरा आह्वान है कि जिले के सभी किसान इस अभियान से जुड़ें और जैविक दंतेवाड़ा को कृषि के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़ा करें।

#### अभियान की मुख्य विशेषताएं

उल्लेखनीय है कि उन्नत खेती अभियान के अन्तर्गत जिले भर के कृषि अधिकारियों, विकास अधिकारियों व कर्मचारियों को इस मिशन को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इसके अलावा भूमगादी के जैविक कार्यकर्ता प्रायोगिक खेतों के माध्यम से किसानों को श्री विधि व कतार रोपा विधि का सजीव प्रदर्शन करने के साथ-साथ किसानों को जैविक इनपुट जैसे जीवामृत, नीम आधारित कीटनाशक, हंडी खाद, वर्मी कम्पोस्ट आदि के उपयोग की तकनीकी जानकारी और लाभ विस्तार से बता रहे है।

## भावी मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में किया जागरूक



**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज जावंगा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य भावी मतदाताओं, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदान के अधिकार और उसकी अहमियत के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, वोटर आईडी कार्ड बनवाने की जानकारी, और मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक वोट की अहम भूमिका होती है और जागरूक मतदाता ही अच्छे शासन की नींव रखता है।

इस अवसर पर युवाओं को यह प्रेरणा दी गई कि वे समय पर अपना वोटर आईडी बनवाएं और आगामी चुनावों में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि उनमें मतदान के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित करना था। यह पहल युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी और दंतेवाड़ा जिले में समावेशी एवं सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।



## एनएमडीसी ने किया फलदायी पौधों का निःशुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

एनएमडीसी लिमिटेड की वृहद परियोजना बीआईओएम कॉम्पलेक्स किरंदुल के अधिशासी निदेशक रवीन्द्र नारायण के निर्देशन एवं उप महाप्रबंधक केएल नागवेणी के मार्गदर्शन में एनएमडीसी प्रबंधन अपने कर्मचारियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने एवं सुख-सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही परियोजना के परिक्षेत्रीय विकास हेतु प्रतिबद्ध है। एनएमडीसी, किरंदुल परियोजना प्रबंधन ने अपने आसपास के ग्रामवासियों के जीवन स्तर को बढ़ाने और मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं, आश्रम भवन निर्माण, स्वच्छ पेयजल, सड़क,पुल पुलिया आदि मुहैया कराया है।

14 जुलाई को परियोजना के आसपास के ग्रामीणों के विकास एवं जन सुविधा हेतु सीएसआर मद से फलदार पौधे का वितरण किया गया। इस अवसर पर परियोजना सीएसआर विभाग के प्रबंधक विवेक कुमार रक्शा, एसआर गावड़े तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब ने दिखाया सदस्यों के प्रति दायित्व भाव, बांटे रेनकोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

बस्तर क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सराहनीय पहल की गई। क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आपस में सलाह कर तय किया कि क्लब के सक्रिय पत्रकारो को बारिश से बचाने रेनकोट बांटा जाए। तेज बारिश में पत्रकार अपने काम में लगे रहते हैं, खबरों के लिए दिन-रात भीगते हैं, ऐसे में ये मदद बड़ी राहत बनकर आई।

- **प्रेस क्लब वेलफेयर एसोसिएशन की सराहनीय पहल**

प्रेस क्लब की इस सोच को सभी पत्रकारों ने सराहा मौसम की मार से बचाने सोमवार सबको उच्च क्वालिटी के रेनकोट वितरित किया गया। ये छोटा सा लेकिन जरूरी कदम उठाया गया, जो दिखाता है कि प्रेस क्लब सिर्फ नाम का नहीं, हर समय एक साथ खड़ा है। इस पहल में संस्था के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक और सचिव संजीव दास की भूमिका खास रही, जिनके मार्गदर्शन में ये वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विषम कठिन परिस्थितियों में भी सभी पत्रकार अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। संस्था का मकसद हमेशा से अपने सदस्यों का ध्यान रखना और उन्हें छोटी-बड़ी मदद देना रहा है। क्लब के सभी पत्रकारों को रेनकोट दिया गया और आगे भी इसी तरह की जरूरी चीजें समय-समय पर दी जाएंगी, ताकि कलमवीर बिना रुकावट अपने काम को जारी रख सकें। प्रेस क्लब का यह सकारात्मक कदम ये साबित करता है कि संगठन अपने सदस्यों के प्रति हर परिस्थिति में तैयार और हर जिम्मेदारी उठाने तैयार है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक सचिव संजीव दास कोषाध्यक्ष रामकृष्णा बैरागी उपाध्यक्ष एस एच अजहर उपाध्यक्ष रवि कुमार दुर्गा सह सचिव बी रामू आदि मौजूद थे।



## लोगों ने योग, ध्यान से सीखी जीने की कला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

दरभा क्षेत्र के नेगानार के हायर सेकेण्डरी स्कूल में 8 से 13 जुलाई तक 6 दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग के तहत हैप्पीनेस कोर्स का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मोहन नायक, महेंद्र नायक एवं प्रशिक्षक एम गोविन्द राव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम के तहत लोगों को योग, ध्यान, दिव्य प्रक्रियाओं के माध्यम से जीवन जीने की कला का व्यवहारिक ज्ञान सिखाया गया। रोग मुक्त शरीर, तनाव मुक्त मन, कंपन मुक्त स्वास, हिंसा व नशा मुक्त समाज के साथ ही भोजन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक एम गोविन्द राव ने कहा की आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरु रवि शंकर महाराज के सानिध्य में करोड़ों लोंगो को योग, प्राणायाम, ध्यान, भस्त्रिका प्राणायाम वज्रासन की स्थिति में सिखाया जा रहा है। एम गोविन्द राव द्वारा 6 दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग के दौरान प्राणायाम, उज्जई स्वास के साथ प्राणायाम, बाड़ी रोटेशन, कंधों को कमर का भाग को घूमाना, सीना को फैलाना, साथ ही सुदर्शन क्रिया सिखाया गया। हमारी संस्था शरीर और मन को जोड़ती है। यह एक तनाव मुक्त और पूर्ण जीवन का रहस्य रखता है। इस मौके पर शिक्षणार्थी सुरेश सिंह, मुन्नू निलाप सिंह ठाकुर, राजकुमार वैभव, लक्ष्मी नारायण उइके, दामोधर बघेल, कमलू, लक्ष्मण, गोविन्द धुर्व, हूंगा राम, तनिषा नायक, सुमन नायक आदि ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया।

समक्षः- श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

**शपथकर्ताः-** दिनेश कुमार जैन पिता पाबुदान जैन, उम्र 47 वर्ष, जाति ओसवाल, निवासी मांझापारा कांकेर, तहसील व जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूं कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम से जारी समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम दिनेश कुमार जैन अंकित हैं।
3. यह कि पूर्व में मेरा नाम-दिनेश जैन अंकित कर दिया गया था।
4. यह कि मेरे द्वारा एक राष्ट्रीय व स्थापित समाचार पत्र में सूचना शपथ पत्र प्रकाशित कर रहा हूँ।
5. यह कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, किसी भी की जानकारी असत्य पायी जाने पर उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

यह कि उक्ताशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

**// सत्यापन //**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता/करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक में लिखी गई बाते मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी से सत्य व सही है जिसे मैंने आज दिनांक 11/07/2025 को स्थान कांकेर में हस्ताक्षर कर सत्यापित की/किया हूं।

दिनेश कुमार जैन
सत्यापनकर्ता

# शिव मंदिरों में पूजा के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपालपटनम

पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार को बीजापुर ज़िले के भोपालपटनम स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिव भक्त हाथों में लोटा जल और बेलपत्र लेकर मंदिर में पहुंचे और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव से सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

श्रावण मास का विशेष धार्मिक महत्व पुराणों में वर्णित है। मान्यता है कि इस महीने में भगवान शिव की आराधना करने से समस्त दुःख, कष्ट और बाधाएँ दूर होती हैं। भक्तों का विश्वास है, एक लोटा जल, सभी समस्याओं का हल। मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। पुरुष, महिलाएं, बच्चे हर उम्र के भक्तों ने पूरे भक्ति भाव के साथ जल चढ़ाकर पूजा किया। भोपालपटनम शिव मंदिर हर वर्ष श्रावण मास में भक्तों का प्रमुख आस्था केंद्र बन जाता है। पहले सोमवार की इस अलौकिक सुबह ने सम्पूर्ण क्षेत्र को भक्ति से सराबोर कर दिया।



## बचेली में मनाया गया सावन सोमवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

सावन महीने का आज पहला सोमवार हैं, बचेली के सभी छोटे बड़े मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। बोल बम के जयकारा से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। कावड़ियों द्वारा नेरली घाट से जल लाकर, जगह-जगह मंदिरो में महादेव का जलाभिषेक किया। स्थानीय रेल्वे मंदिर, पुराना मार्केट स्थित शिव मंदिर, संम्प्लेक्स नाला स्थित शिव मंदिर सभी जगह भक्तों की भीड़ लगी रही। संम्प्लेक्स नाला स्थित शिव मंदिर के मुख्य पुरोहित विजय कर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की दृक पंचांग के अनुसार इस वर्ष 2025 में सावन मास की शुरुआत 11 जुलाई से हो चुकी हैं और इसका समापन 9 अगस्त को होगा।



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

TEAM CREATIVE

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### कोड़ेकुर्से में आज विखं स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**दुर्गूकोंदल।** नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का विद्यालय प्रवेश एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं छात्रों को सम्मानित करने के लिए 15 जुलाई मंगलवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोड़ेकुर्से में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। खंडशिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग व कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सावित्री मनोज मंडावी करेंगे।

### ऋण प्राप्त करने 31 जुलाई तक है प्रावधान

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रदाय किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने व प्रोत्साहित करने युवा रत्न सम्मान योजना लागू

**कांकेर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है। जिला खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के क्षेत्र में दिया जाएगा, जिसके अंतर्गत चयनित युवा को 2 लाख 50 हजार रूपएं एवं चयनित संगठन को 5 लाख रूपएं की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसी तरह युवा रत्न सम्मान अंतर्गत सामाजिक, साहित्य, नवाचार उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत सांस्कृतिक, लोककला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को 1-1 लाख रूपएं का पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

### आवास के सपने को साकार करने की मुहिम

**बीजापुर।** सीईओ जिला पंचायत बीजापुर के निर्देशानुसार जनपद पंचायत भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत फुलगुट्टा में वित्तीय वर्ष 24-25 में स्वीकृत 116 आवास के हितग्राहियों का बैठक रखा गया। सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा मनीष सोनवानी के द्वारा आवास के महत्व को समझाते हुए पक्के आवास का सामाजिक महत्व पर विस्तृत ढंग से प्रकाश डालते हुए तय समय सीमा में आवास निर्माण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात प्रत्येक हितग्राही को एक-एक कर आवास बनाने में आ रही समस्या से अवगत हो कर समस्या का समाधान बताया गया एवं सभी हितग्राहियों को तय समय सीमा में पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया।

# बीईओ ने उल्लास साक्षरता पर ली समीक्षा बैठक, सर्वे पूर्ण कर पंजीयन करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के ग्राम पंचायत प्रभारी, सर्वेयर एवं संकुल सेक्टर प्रभारियों की बैठक लिया और सभी पंचायत प्रभारी एवं वार्ड प्रभारियों को लक्ष्य पूरा करने कि बात कही।

बीईओ सदेसिंह कोमरे ने कहा कि हमारे विकासखंड को 1600 का लक्ष्य मिला है, जिसे सभी पंचायत में दिया गया है, उसे तत्काल सर्वे कर उसका उल्लास एप्प में दर्ज करें। साथ हो साथ इन केंद्रों के संचालन के लिए स्वयंसेवी शिक्षक का भी चयन कर ले। राज्य शासन द्वारा उल्लास कार्यक्रम में 10 वीं 12 वीं के छात्र छात्राओं



**साक्षरता की महापरीक्षा प्रति वर्ष दो बार**

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी से कहा कि साक्षरता की महापरीक्षा प्रति वर्ष दो बार सितंबर एवं मार्च के महीने में होना है, उसका भी व्यापक प्रचार प्रसार करें और जो असाक्षर चिन्हित किये जा चुके है उनका अध्यापन करा कर उन्हे आगामी सितंबर माह में परीक्षा में बैठाएं।
**ये रहे उपस्थित :** बैठक में स्रोत व्यक्ति एवं प्राचार्य टिकेश्वर सिंह ठाकुर, साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर, आनंद बनकर के साथ साथ ग्राम पंचायत प्रभारी, सर्वे प्रभारी एवं संकुल सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहें।

द्वारा स्वयंसेवी के रूप में निरक्षर को साक्षर बनाने पर 10 अंक बोनस बोर्ड परीक्षा में प्रदान किया जाएगा। भानुप्रतापपुर विकास खण्ड के 8 ग्राम पंचायतों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बैजनपुरी, डूमरकोट, सेलगांव, कोरर, हरनपुरी, कनेचुर, भैंसाकन्हार डू, चिल्हाटीजिसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में एक ग्राम पंचायत प्रभारी नियुक्त किये गए है। विकासखण्ड को जो लक्ष्य दिया गया है, उसके अनुरूप सभी ग्राम पंचायतों को भी लक्ष्य दिया गया है। सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत प्रभारियों को अपने स्तर पर गांव में जाकर असाक्षरों को चिन्हांकित कर उनका उल्लास पोर्टल में आनलाईन एन्ट्री कार्य को करे साथ साथ टैगिंग भी करें एव स्वयं सेवी शिक्षकों का भी पंजीयन करना है।

### प्रशासन रहा मुस्तैद, प्रमुख मंदिरों में की गई पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती

# सावन के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर।

सावन मास का पहला सोमवार कांकेर जिले में शिवभक्तों के लिए आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम लेकर आया। जिले भर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। भक्तों ने बेलपत्र, गंगाजल, दूध और पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। खासकर कांकेर शहर के प्रसिद्ध ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर, सरंगपाल शिव मंदिर, राजापारा शिव मंदिर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी।

मंदिरों में सावन का पहला सोमवार होने के चलते सुबह 5 बजे से ही मंदिरों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। कांकेर नगर सहित नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ और पखांजूर क्षेत्रों के शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। कई स्थानों पर महिलाओं ने



पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन करते हुए शिवालयों की ओर कूच किया। हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए थे। पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के प्रमुख मंदिरों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। युवा और वृद्ध सभी में उत्साह देखते ही बनता था। सावन सोमवार के अवसर पर कई शिव मंदिरों में विशेष रुद्राभिषेक, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया।

ऊपर नीचे रोड के शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष अरूण कौशिक ने बताया कि पहले सोमावर को फूलों की आकर्षक सजावट के साथ शिव भगवान को सजाया गया था। जलाभिषेक की व्यवस्था भी व्यवस्थित ढंग से की गई थी। कांकेर में सावन के पहले सोमवार को भक्ति, श्रद्धा और अनुशासन का अद्वितीय उदाहरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या, प्रशासन की सतर्कता और समाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने इस पर्व को सफल और शांतिपूर्ण बनाया।

# अस्मिता खेलो इंडिया योगासन सिटी लीग का हुआ आयोजन



हरिभूम न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर।

भारत सरकार के खेल मंत्रालय एवं खेलो इंडिया के निर्देशन में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया योगासन सिटी लीग का भव्य आयोजन रविवार को सामुदायिक व मंगल भवन भानुप्रतापपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन कांकेर द्वारा बड़े ही उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जिले के सातों विकासखंडों से आए 163 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा ने योग को भारत की अमूल्य विरासत बताया और वनांचल क्षेत्र में ऐसे भव्य आयोजन की सराहना किया। विशिष्ट अतिथि जयंत विष्णु भारती ने राज्य में चल रही अस्मिता योगासन लीग की जानकारी साझा की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने भानुप्रतापपुर में योग भवन निर्माण की घोषणा कर सबका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में भारत के कोड ऑफ पॉइंट्स के अंतर्गत पारंपरिक योगासन, कलात्मक एकल व युगल तथा लयात्मक युगल स्पर्धाओं का आयोजन हुआ।

**ये रहे उपस्थित:** निर्णायक मंडल में ओमप्रकाश चंद्रवंशी, किशोर माहेश्वरी, मोनिका साहू, धीरेंद्र वर्मा, जयश्री साहू, गीता यादव, लक्ष्मी सेंडे, भावना साहू, राजेश कुर्रे, सुषमा साहू, शेख वासिम सहित कई निर्णायकों ने अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर भोजेंद्र साहू, युवा भारत के राज्य कार्यकारिणी सदस्य खिलेंद्र साहू, भारतीय शिक्षा बोर्ड के सदस्य राजेश पवार एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# केशालपारा का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ

संकुल केन्द्र भैसासुर अंतर्गत प्राथमिक शाला केशालपारा का खंड शिक्षा अधिकारी संजय ठाकुर एवं खंड स्त्रोत समन्वयक कृष्ण कुमार नाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, मध्याह्न भोजन, नामांकन स्थिति एवं मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। बीईओ ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने तथा समयबद्ध कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी शैक्षणिक स्थिति की जानकारी भी ली और शिक्षकों को शैक्षिक नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं कृष्ण कुमार नाग ने विद्यालय के रजिस्टरों की जांच की तथा शैक्षणिक अनुशासन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान शाला में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई एवं अधिकारियों ने स्थानीय समुदाय से सहयोग कर विद्यालय को और बेहतर बनाने का आव्हान किया। निरीक्षण के दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चमार सिंह नरेठी व पालक गण उपस्थित रहे।



# खराब सड़क में मुरूम डाल बनाया चलने योग्य

**बनसागर।** विकासखण्ड मुख्यालय नरहरपुर से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम आंखीहर्रा में डीहीपारा जाने वाला मार्ग खराब हो गया है और उसमें चलना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र को लोग प्रतिदिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। विभाग ने गंभीरता नहीं दिखाया, वहीं इस बड़ी समस्या को देखते हुए मजदूर नही मिलने पर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, सरपंच तथा पंचगण ने मिलकर गड्ढो में मिट्टी डालकर सड़क को चलने के लिए योग्य बनाया गया।

# कार्य की जांच दूसरे से कराने उठी मांग



**कांकेर।** रावघाट प्रभावित क्षेत्र में इको डवलपमेंट के तहत 36 करोड़ का आंवटन दिया गया था, जिसके कार्य करने के लिए एजेंसी वन विभाग को बनाया गया था।

वन विभाग के द्वारा लापरवाही बरतते हुए केवल 25 प्रतिशत ही निर्माण कार्य करवाया गया है। इसकी शिकायत सांसद से किया गया था और सांसद ने भी कार्यो का निरीक्षण किया था, परंतु काम पूरा कहीं नही मिला था। सांसद की नाराजगी पर जाँच टीम बनाया गया, परंतु विभाग के लोग ही शामिल है। ऐसे में जाँच सही ढंग से नहीं हो पाएगी। जाँच के लिए दूसरे विभाग की टीम से करवाया जाए। वन विभाग केवल जाँच के नाम पर लीपापोती ही करेगी।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 15 जुलाई से होगी काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट में अपलोड की गई है। मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों की काउंसिलिंग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में आयोजित की जाएगी।

सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी निर्धारित तिथि व समय में अनिवार्य दस्तावेज सहित उपस्थित हो सकते हैं। कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की गई है, जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक के लिए काउंसिलिंग 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक होगा। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 16 जुलाई, अनुसूचित जाति बालक-बालिका हेतु 17 जुलाई तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग बालक-बालिका एवं अल्पसंख्यक बालक-बालिका के लिए 18 जुलाई प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे निर्धारित की गई है।

### आवश्यक दस्तावेज

सहायक आयुक्त ने बताया कि काउंसिलिंग में विद्यार्थी को अपना प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

इसके अलावा यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र एवं स्वयं का 2 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो आदि आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### श्रीशिव जी का होर्डिंग हटाकर नेता का लगाने पर भड़के भाजपाई

**जगदलपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने अपने नेता प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिन पर ब्लॉक मुख्यालय लोहंडीगुड़ा के चित्रकोट स्थित शिव मंदिर के होर्डिंग्स निकाल कर नेता का होर्डिंग्स को लगाया। ब्लाक के भाजपाइयों ने कहा कि आज प्रथम सावन सोमवार है ऐसे में भगवान शिव के होर्डिंग्स को निकालना अनुचित है। इससे कांग्रेसियों की हिंदू विरोधी मानसिकता दिखती है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# सेजेस बागोदर में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश भर में शिक्षा को जनआंदोलन का रूप देने और प्रत्येक बच्चे को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से सेजेस बागोदर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम बागोदर के सरपंच फुलेश्वरी नेताम ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और कहा कि लगन एवं निष्ठा से परिश्रम करने से लक्ष्य की पूर्णता निश्चित है। नशामुक्ति एवं लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में अहम जानकारी दिया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था, जिससे बच्चों और अभिभावकों को स्वागत का वातावरण महसूस हो। विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का अक्षत तिलक कर मुंह मीठा कराकर पुष्पगुच्छ के द्वारा



स्वागत किया गया एवं पाठ्य पुस्तक का भी वितरण किया गया। नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत के लिए छात्राओं के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नरोत्तम पटेल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए समय का नियोजन आवश्यक है। रामकुमार साहू ने अनुशासित रहने पर जोर दिया एवं द्वारिका प्रसाद साहू ने संस्कारवान बनने को कहा। शाला के प्राचार्य दीपक कुमार रायस्त ने शाला विकास समिति के सदस्यों एवं सभी पालकों से अपील की कि वे शिक्षा के इस महाअभियान में भागीदार बनें और अपने आसपास के प्रत्येक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास करें।

### मां के नाम रोपे गए पौधे

इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा बस्तर विकास प्राधिकरण मद से शाला को प्रदत्त इंटरएक्टिव पैनल का पूजन कर शुभारंभ किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पुरुषोत्तम यदु, कमला सिन्हा एवं ग्राम के घनश्याम नेताम, रोहिदास नेताम, अशोक जैन व वीणा सिन्हा उपस्थित रहे।

